# कुलसचिव कार्यालय

लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007

पत्रांक :.........................................

दिनांक :.........................................

## कार्यालय आदेश

श्री विपुल मिश्रा, कनिष्ठ सहायक, केन्द्रीय लेखा कर्यालय के स्थायीकरण/प्रोन्नति के संबंध में केन्द्रीय लेखा कार्यालय द्वारा संस्तुति सहित प्रेषित प्रस्ताव पर विभागीय प्रोन्नति समिति की दिनांक 11.08.2021 को सम्पन्न बैठक में कनिष्ठ सहायकों के प्रोन्नति से पूर्व कर्मचारियों की टंकण परीक्षा आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया था। उक्त के अनुपालन में दिनांक 15 सितम्बर 2021 को टंकण परीक्षा आयोजित की गयी। टंकण परीक्षा के परिणाम से संबंधित सीलबंद लिफाफा दिनांक 04.10.2021 को विभागीय प्रोन्नति समिति के समक्ष खोला गया। तदोपरान्त समिति द्वारा टंकण परीक्षा में उत्तीर्ण श्री विपुल मिश्रा, कनिष्ठ सहायक के संबंध में निम्नवत् संस्तुति की गयीः–

**"सेवा शर्तों के अनुसार नियमानुसार मौलिक पद पर स्थाई कार्मिक को ही प्रोन्नति प्रदान करने की व्यवस्था है। अतः टंकण परीक्षा में उत्तीर्ण श्री विपुल मिश्रा, कनिष्ठ सहायक, केन्द्रीय लेखा कार्यालय का स्थायीकरण किये जाने के उपरान्त प्रोन्नति आदेश नियमानुसार जारी किये जाने की संस्तुति समिति द्वारा की गयी।"**

विभागीय प्रोन्नति समिति की उक्त संस्तुति पर मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदन दिनांक 13.10.2021 के अनुपालन में श्री विपुल मिश्रा, कनिष्ठ सहायक, केन्द्रीय लेखा कार्यालय को उनके नाम के सम्मुख स्तम्भ 08 में अंकित तिथि से कनिष्ठ सहायक के पद पर स्थायीकरण किये जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी हैः–

| क्रम सं0 | कर्मचारी का नाम | पदनाम | नियुक्ति की प्रकृति | कार्यालय/विभाग का नाम | नियुक्ति तिथि | कार्यभार–ग्रहण तिथि | स्थायीकरण तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्री विपुल मिश्रा | कनिष्ठ सहायक | मृतक आश्रित | केन्द्रीय लेखा कार्यालय | 19.11.2014 | 20.11.2014 | 20.11.2015 |

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्याः P-19394-401 दिनांकः 16/11/2021

**प्रतिलिपिः** निम्ननिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. समस्त उप कुलसचिव, ल0वि0वि0।
4. लेखाधिकारी, ल0वि0वि0।
5. समस्त सहायक कुलसचिव, ल0वि0वि0।
6. इंचार्ज, वेबसाइट, ल0वि0वि0।
7. प्रभारी, अभिलेख को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित कर्मचारी की पत्रावली में संलग्न करायें।
8. सम्बन्धित कर्मचारी, ल0वि0वि0।

कुलसचिव